राज्य में 11 अपर जिलाधिकारी कार्यालय प्रस्तावित

अमरावती जिले में अचलपुर का समावेश

सागरसवळे/ /प्रतिदिन अखबार

चांदूर बाजार. 9 फरवरी- राज्य में नए जिलों के निर्माण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन था, लेकिन नए जिले बनाने में आने वाले अधिक खर्च को देखते हुए शासन ने जहां-जहां नए जिले प्रस्तावित थे, वहीं अपर जिलाधिकारी कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है. जानकारी के अनुसार, राज्य के छह विभागों के अंतर्गत 11 जिलों की 11 तहसीलों में अपर जिलाधिकारी कार्यालय स्थापित किए जाएंगे. इनमें अमरावती जिले के अचलपुर तालुका का भी समावेश है.प्रस्तावित अपर जिलाधिकारी कार्यालय के अंतर्गत धारणी, चिखलदरा, अचलपुर और चांदूर बाजार तालुकों को शामिल किए जाने की संभावना है. इस कार्यालय की स्थापना से इन तहसील के नागरिकों को अमरावती स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. जिलाधिकारी कार्यालय से संबंधित कार्य स्वाभाविक रूप से अचलपुर कार्यालय में ही होने से नागरिकों को आर्थिक और शारीरिक परेशानी से राहत मिलेगी.

राज्य के अपर मुख्य सचिव (राजस्व) द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार, संबंधित राजस्व विभाग के आयुक्तों और जिलाधिकारियों से अनौपचारिक रूप से नीचे दी गई जानकारी प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है,राजस्व मंत्री के अनुसार, शासकीय कार्यालयों में कार्यभार में वृद्धि, आम नागरिकों को होने वाली परेशानी, जिलों और

तालुकों का भौगोलिक विस्तार, बढ़ती जनसंख्या और उससे जुड़ी आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यकता अनुसार अपर जिलाधिकारी एवं अपर तहसीलदार कार्यालय स्थापित करने का विषय शासन के विचाराधीन है. इसके तहत राज्य के मौजूदा जिलों और तहसीलों के विभाजन के लिए कुछ मापदंड तय किए गए हैं.

अपर जिलाधिकारी कार्यालय के लिए प्रस्तावित मापदंडों में- प्रस्तावित कार्यालय के अंतर्गत आने वाले तहसीलों की संख्या, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्रफल, आदिवासी व दुर्गम क्षेत्रों की जनसंख्या वाले तहसीलों की संख्या, जिला मुख्यालय से प्रस्तावित कार्यालय की दूरी, तहसीलों के सबसे दूरस्थ गांवों की वर्तमान मुख्यालय से दूरी तथा प्रस्तावित कार्यालय स्थापित होने पर दूरी में होने वाला अंतर, जिलाधिकारी कार्यालय के कार्यों की व्याप्ति (सभी प्रकार की शासकीय वसूली, गौण खनिज, जमाबंदी, भूमि सुधार कानूनों का क्रियान्वयन–जैसे अधिकतम भूमि धारणा, काश्तकारी, आदिवासियों को भूमि लौटाना आदि), महाराष ट्र भूमि राजस्व अधिनियम एवं अन्य अधिनियमों के अंतर्गत अपीलें और अन्य महत्वपूर्ण कार्य, जिले की कुल जनसंख्या, क्षेत्रफल और तहसीलों की संख्या आदि का समावेश किया गया है.इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित अपर जिलाधिकारी कार्यालय की स्थापना के समर्थन में कारणों का भी उल्लेख किया गया है. इसी प्रकार के मापदंड अपर तहसील कार्यालयों के लिए भी तय किए गए हैं. इसके अनुसार राज्य में 11 अपर जिलाधिकारी कार्यालय तथा 69 अपर तहसील कार्यालय प्रस्तावित हैं. इन कार्यालयों की स्थापना से नायब तहसीलदारों के पदोन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा. बढ़ती जनसंख्या और जिलाधिकारी कार्यालय पर बढ़ते कार्यभार को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है. प्रस्तावित कार्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव मंजूरी की दिशा में हैं.

प्रस्तावित अपर जिलाधिकारी कार्यालयों में ठाणे जिले में कल्याण, रत्नागिरी जिले में दापोली, पुणे जिले में बारामती, सातारा जिले में फलटण, सोलापुर जिले में पंढरपुर, जलगांव जिले में चालीसगांव, नांदेड जिले में किनवट, अमरावती जिले में अचलपुर, यवतमाल जिले में पुसद, बुलढाणा जिले में खामगांव, नागपुर जिले में कलमेश्वर का समावेश किया गया है.

दी डेफ एंड डम्ब रिलीफ एसो. की कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन

सभी ने साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी. स्थानीय दी डेफ एंड डम्ब रिलीफ एसो., साईनगर, अमरावती संस्था की वर्ष 2026-31 की कार्यकारिणी का चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया था. नई कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध रुप से चयन संपन्न हुआ. इसके लिए संस्था के पूर्व सचिव तथा संस्था के अनेक पदों पर कार्यरत रहनेवाले प्रसिध्द समाजसेवी डॉ. सत्यनारायण कासट ने अथक प्रयास किए. संस्था के हित में विगत 50 वर्षों से स्व.डॉ.गणेश बूब के कंधे से कंधा मिलाकर विद्यालय के लिए कासट परिवार की इमारत दान स्वरुप में संस्था को प्रदान करके विद्यार्थियों की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया. उन्होंने जिस समय इस कार्य की शुरूआत की, उस समय केवल 8 विद्यार्थियों की शिक्षा की सुविधा शुरू हुई. इसी पौधे का वटवृक्ष में परिवर्तन करके उनके कार्यकाल में यह संख्या 200 से अधिक निवासी विद्यार्थी बालक कक्षा से 12वीं तक पहुंचने में वे सफल हुए. साथ ही उन्होंने अत्यंत प्रयास करके इतने बड़े खर्चे की जिम्मेदारी उठाकर तथा दानदाताओं की सहायता लेकर संस्था को प्रसिध्द किया. लगातार तन-मन-धन अर्पण करके श्री बुलिदान राठी मूकबधिर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निवासी व्यवस्था से विवाह व पुनर्वसन तक विद्यालय को भरपूर सहायता की. इसी के साथ-साथ वर्ष 2026-31 की कार्यकारिणी के लिए संस्था के हितों के लिए उनके द्वारा किए गए इन प्रयासों के लिए उनका व संस्था के सदस्यों का प्रत्येक घटक की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन किया जा रहा है.

नवनिर्वाचित महापौर-उपमहापौर का गुरुद्वारे में स्वागत

अतिथियों को सिरोपा भेंट कर किया गया सम्मानित, नए दायित्व संभालने के लिए दी शुभकामनाएं

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

अमरावती. 9 फरवरी- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, राजापेठ में रविवार, 8 फरवरी की रात 8:30 बजे श्रद्धामय वातावरण में अमरावती महानगरपालिका के नवनिर्वाचित महापौर श्रीचंद तेजवानी, उपमहापौर सचिन भेंडे एवं नगर सेवक मनीष बजाज, श्रीमती स्नेहा लुल्ला, श्रीमती सोनाली नाईक का गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक सेवक कमेटी एवं समूची साध संगत की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया.रविवार रात 8:30 बजे, साध संगत के कीर्तन-सिमरन दीवान की समाप्ति के पश्चात आयोजित इस स्वागत समारोह में अतिथियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन एवं संगत द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके नवीन दायित्वों हेतु शुभकामनाएं दी गईं.

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज सेवा, सद्भावना एवं शहर के सर्वांगीण विकास की कामना व्यक्त की. गुरुद्वारा परिसर में आध्यात्मिकता, सम्मान और सौहार्द्र का वातावरण देखने को मिला.इस अवसर पर बड़ी संख्या में साध संगत, सेवकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. इस समय गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा प्रबंधक सेवक अध्यक्ष अमरजोत सिंघ जग्गी, सचिव डॉ निक्कू खालसा, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र सिंघ (बिट्टू) सलूजा, कोषाध्यक्ष रतनदीप सिंघ (सोनू) बग्गा, राजेन्द्र सिंघ सलूजा, अमरजीत सिंघ जुनेजा, गुरबिंदर सिंघ बेदी, सतपाल सिंघ बग्गा, दिनेश सचदेवा, नरेंद्रपाल सिंघ अरोरा, प्रवीण सिंघ मोंगा, प्रदीप चड्ढा, शरणपाल सिंघ अरोरा, हरबश सिंघ उबवेजा, हरीश उधावनी, सुमित सिंघ सेठी, यशपाल सिंघ सलूजा, भाई कृष्णा सिंघ, गुरप्रीत सिंघ, प्रिंस सिंघ सेठी, राजेन्द्र सिंघ (राज) छाबड़ा, सिमर सिंघ बग्गा, श्लोक सिंघ हुडा, सतपाल सिंघ, सुमित सिंघ आदि सब सदस्य साध संगत उपस्थित थी.

एड.नीलेश हेलोंडे पाटिल का दौरा आज

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी- स्व.वसंतराव नाईक शेती स्वावलंबन मिशन के अध्यक्ष एड.नीलेश हेलोंडे पाटिल 10 फरवरी को जिला दौरा पर है. दौरे के अनुसार वे 10 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे विभागीय आयुक्त कार्यालय स्थित मिशन के कार्यालय में उपस्थित रहेंगे. दोपहर 3 बजे तामसवाड़ी फाटा, तह.दर्यापुर में शिवछत्रपति शंकरपट कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. दोपहर 4.30 बजे वड़ालगव्हाण, तह.दर्यापुर में अशोक वड़ाल के खेत में कपास की मशीन का निरीक्षण करेंगे. बाद सुविधा के अनुसार काटोल की ओर रवाना होंगे.

धामणगांव के गीत राठी बने श्लोकाचार्य

संस्कृत श्लोक ऑलिंपियाड में मिली राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता

संवाददाता/ प्रतिदिन अखबार

धामणगांव रेलवे, 9 फरवरी- भारतीय संस्कृति और देववाणी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की संस्कृत श्लोक ऑलिंपियाड प्रतियोगिता में धामणगांव रेल्वे के नन्हें प्रतिभाशाली छात्र गीत प्रेरणा राठी ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए श्लोकाचार्य का प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है. हाल ही में मुंबई के कालबादेवी में आयोजित विश्वस्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में गीत को यह सम्मान प्रदान किया गया.

इस ऑलिंपियाड प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों तथा विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था. राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अमरावती जिले से गीत राठी ने अपने उत्कृष्ट संस्कृत श्लोक पाठ कौशल से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया.भारतीय प्राचीन सनातन धर्म, रामायण, महाभारत, वेद, उपनिषद तथा श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित संस्कृत श्लोकों का सस्वर, मुखोद्गत पाठ और उनके भावार्थ को गीत ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. कम उम्र में ही भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की गहरी समझ दिखाते हुए गीत ने ह्यश्लोकाचार्यह्न का विशेष स्थान प्राप्त किया है.गीत को स्थानीय संस्कृत अध्यापिका अर्चना तापडिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. उनके उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी, ऐसा मत व्यक्त किया जा रहा है. गीत तथा उनकी मार्गदर्शिका सौ. तापडिया का धामणगांव की शैक्षणिक नगरी में सर्वत्र अभिनंदन किया जा रहा है.

व्यवसायी से धोखाधड़ी, कुर्हा में नकली नोटों का काला बाजार

पुलिस के सामने नकली नोटों की जड़ें और अज्ञात रैकेट का पता लगाने की बड़ी चुनौती

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

तिवसा. 9 फरवरी- तहसील क्षेत्र में नकली नोटों का प्रवेश हो गया है. अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हूबहू असली जैसी दिखने वाली 100 रुपये की नकली नोटें कुन्हा स्थित व्यापारी अश्विन जयसवाल को देकर उनके साथ धोखाधड़ी किए जाने की घटना सामने आई है. नकली नोटों को चलन में लाकर नागरिकों को ठगने वाला गिरोह तहसील क्षेत्र में सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है.

कुर्हा निवासी व्यापारी अश्विन जयसवाल की शराब की दुकान है, जहां दिनभर ग्राहकों की आवाजाही रहती है. इसी भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने 100 रुपये की नकली नोटों का उपयोग करते हुए यहां से शराब खरीदी. अगले दिन जयसवाल रोज की तरह बैंक में नकद राशि जमा करने गए, तब उनके पास मौजूद नकदी में 100 रुपये की कुछ नोटें नकली पाई गईं.

आर्वी के बाजार में भी 500 और 100 रुपये की नकली नोटें

बैंक की मशीन ने खोली पोल

आर्वी. उधर आर्वी शहर की बाजारपेठ में 500 और 100 रुपये की नकली नोटें मिलने से हड़कंप मच गया है. यहां एक अगरबत्ती व्यापारी को वसूली के दौरान ये नोटें दी गई थीं.अभिजीत भिवगडे ने शनिवार को बाजारपेठ में 10 हजार रुपये की अगरबत्ती की उधारी वसूली की थी. उसी दौरान एक दुकानदार ने उन्हें 500 रुपये की एक नकली नोट दी. भिवगडे जब बैंक में जमा करने के लिए मशीन में 14 हजार 500 रुपये डाल रहे थे, तब मशीन ने पांच बार 500 रुपये की वही नोट बाहर निकाल दिया. जांच में वह नोट नकली होने की पुष्टि हुई है.

> बाजार में उधारी वसूली के दौरान एक व्यापारी ने मुझे 500 रुपये की नोट दी थी. बैंक में जमा करते समय वह नोट नकली पाई गई. बैंक ने उसे नकली बताते हुए उस पर लाल क्रॉस लगा दिया. इससे मुझे 500 रुपये का नुकसान हुआ.
>
> **अभिजीत भिवगडे**
> **अगरबत्ती व्यापारी, आर्वी**

शेगांव में राष्ट्रीय स्वास्थ्य महासम्मेलन आयोजित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ते 25 को होगा उद्घाटन

राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने दी जानकारी

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

बुलढाणा, 9 फरवरी. शेगांव में आयुष मंत्रालय का 3 दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य महासम्मेलन होनेवाला है. यह महासम्मेलन बुलढाणा जिले के अध्यात्मिक केंद्र शेगांव स्थित आनंदसागर परिसर के भव्य प्रांगण पर आयोजित किया गया है. इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ते आगामी 25 फरवरी को होगा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री सुमेत्रा पवार प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे. इसके अलावा आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होमियोपॅथी (आयुष) क्षेत्र के देशभर के दिग्गज विशेषज्ञ, वैद्य, संशोधक और अनेक अन्य मान्यवर उपस्थित रहेंगे.यह महासम्मेलन आयुर्वेद उपचार पध्दति, पारंपारिक दवाइयां और भारतीय पारंपारिक ज्ञान प्रणाली का प्रचार-प्रसार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा. 3 दिन चलनेवाले इस व्यस्त कार्यक्रम में विविध प्रकार के स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, मार्गदर्शन सत्र, परिसंवाद, व्याख्यान और इंटरॅक्टिव सेशन रहेंगे. इस माध्यम से हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा.

इस दौरान स्वास्थ्य जांच, आयुर्वेदिक उपचार, सलाह, योग प्रशिक्षक, औषधि वनस्पतियों की प्रदर्शनी और आधुनिक स्वास्थ्य तंत्रज्ञान का समावेश रहेगा. केंद्रीय आयुष तथा परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने शेगांव में आयोजित पत्रकार परिषद में यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि, यह राष्ट्रीय महासम्मेलन आयुष पध्दति का महत्व विषद करेगा और सामान्य नागरिकों तक उसका प्रसार भी करेगा. शेगांव जैसे आध्यात्मिक स्थान पर इस आयोजन का होना विशेष महत्व रखता है. इस परिषद में कामगार मंत्री आकाश फुंडकर, बुलढाणा के जिलाधिकारी किरण पाटिल सहित स्थानीय प्रशासन और आयोजक उपस्थित थे.

तपोवन परिसर : श्री संत योगीराज गजानन महाराज की भव्य पालकी शोभायात्रा उत्साहपूर्वक संपन्न

प्रकट दिवस के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों से तपोवन परिसर हुआ भक्तिमय

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

अमरावती. 9 फरवरी- तपोवन परिसर में श्री संत योगीराज गजानन महाराज मंडल की ओर से 8 फरवरी को प्रकट दिवस के अवसर पर भव्य पालकी समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संपूर्ण परिसर भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गया.

सुरक्षा कॉलोनी में धांडे परिवार के निवास स्थान पर श्री गजानन महाराज का विधिवत अभिषेक संपन्न हुआ. इसके पश्चात यवतमाल जिले के तरनोली गांव स्थित जगदंबा वारकरी मंडल की ओर से सायंकाल भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई. पालकी मार्ग पर जगह-जगह सुंदर रंगोलियां सजाई गईं तथा श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और भक्ति-उद्घोष के साथ पालकी का उल्लासपूर्वक स्वागत किया. वृद्धों से लेकर बच्चों तक सभी आयु वर्ग के भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया. 9 फरवरी को महाप्रसाद का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष दीपक भोनखड़े सहित बादल कुलकर्णी, गणेश खोत, शुभम पाटील, राजू चातुरकर, पांडुरंग चावरे, सागर भाकरे, चंकी तिवारी, विनायक कुबड़े, अमोल सालुंखे, दिनेश माहुलकर, स्वप्निल मुंजाळे, स्वप्निल आसकर, दिंडलकर, निलेश पायघन तथा परिसर के समस्त श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

श्री मज्जिनेंद्र आदिनाथ जिनबिंब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 18 से

31 फीट ऊंची प्रतिमा की गई है स्थापित

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

वाशिम, 9 फरवरी- वात्सल्य शिरोमणि सर्वज्ञ तीर्थ प्रणेता उपाध्याय विशेषसागर महाराज के मार्गदर्शन व प्रेरणा से, भारत गौरव गणाचार्य विरागसागर महाराज मुनिराज के अदृश्य सानिध्य में विशुद्धसागर महाराज के आशीर्वाद तथा सारस्वत कवि श्रमणाचार्य विभवसागर मुनिराज व अन्य उपाध्याय, मुनि, आर्यिका माताओं के पावन सानिध्य में हिंगोली जिले के सर्वज्ञ तीर्थ पुसेगांव में 18 फरवरी से 22 फरवरी मज्जिनेंद्र आदिनाथ जिनबिंब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय महोत्सव तथा 22 फरवरी से 8 मार्च तक महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया है. 18 फरवरी को गर्भ कल्याणक, 19 फरवरी को जन्म कल्याणक, 20 फरवरी को तप कल्याणक, 21 फरवरी को केवलज्ञान कल्याणक तथा 22 फरवरी को मोक्ष कल्याणक का चित्रण किया जाएगा. पांच दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन भगवानों का अभिषेक, पूजन, पाठ, विधान, आराधना, गुरु भक्ति, आरती, जाप, अष्टकुमारिका का आवाहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शांति धारा, आचार्य प्रवचन, भजन संध्या, होम-हवन, आचार्य को शास्त्र भेंट, माताजी को वस्त्र भेंट, विश्वशांति महायज्ञ, विशाल रथोत्सव आदि कार्यक्रम होंगे. इसी दौरान ब्र. भारत जी उपाध्ये निवासी अंबड की दीक्षा होगी. इस कार्यक्रम में संगीतकार के रूप में भोपाल के संजय रंगीला उपस्थित रहेंगे. विशेष मार्गदर्शक के रूप में मुख्य विभागीय आयुक्त (छ. संभाजीनगर) जीतेंद्र पापडकर, जिलाधिकारी राहुल गुप्ता (हिंगोली), स्वागताध्यक्ष के रूप में विधायक तानाजी मुटकुले तथा राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य मान्यवर उपस्थित रहेंगे. सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आवाहन अंतरराष्ट्रीय पंच कल्याणक समिति के अध्यक्ष जीतेंद्र छाबड़ा, तेजकुमार झांझरी औंढा, रवि कान्हेड पुसेगांव, पं. रवींद्र जैन अकोला ने किया है.

31 फीट की प्रतिमा स्थापना

देश में कर्नाटक की विश्वप्रसिद्ध बाहुबली भगवान की मूर्ति के बाद अब महाराष्ट्र के वाशिम जिले के रिसोड- सेनगांव मार्ग पर हिंगोली जिले के पुसेगांव तीर्थक्षेत्र में देश की दूसरी और महाराष्ट्र की पहली 31 फीट ऊंची अखंड पाषाण पत्थर से निर्मित जैन बाहुबली भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई है.

अचलपुर पालिका सीमा में गतवर्ष 1726 जन्म

872 कन्याओं का जन्म : 685 नागरिकों की मृत्यु

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

अचलपुर, 9 फरवरी- स्थानीय नगर परिषद की सीमा में जनवरी से दिसंबर 2025 इस एक वर्ष की कालावधि में कुल 1726 बच्चों का जन्म हुआ. उसमें 872 स्त्री, जबकि 854 पुरुष बच्चों का जन्म हुआ, ऐसा प्रशासन द्वारा बताया गया. इसके साथ ही 685 नागरिकों की मृत्यु होने की नोंद भी की गई है. जनवरी माह में 119, फरवरी माह में 103, मार्च माह में 142, अप्रैल माह में 130, मई माह में 161, जून माह में 129, जुलाई माह में 128, अगस्त माह में 153, सितंबर माह में 161, अक्टूबर माह में 193, नवंबर माह में 163 और दिसंबर माह में 144 नवजात शिशुओं का जन्म हुआ. अचलपुर नप सीमा में सर्वाधिक जन्म की नोंद अक्टूबर माह में हुई.

अक्टूबर माह में सर्वाधिक जन्म की नोंद

अचलपुर नगर परिषद की सीमा में सर्वाधिक जन्म की नोंद अक्टूबर में है. इसमें 83 पुरुष और 110 स्त्री बच्चों का जन्म हुआ. 'नप क्षेत्र के सभी अस्पतालों में जन्मे हुए बच्चों की नोंद पालिका में की जाती है. नागरिकों ने खुद होकर जन्म और मृत्यु की नोंद करना आवश्यक है. नप में जन्म-मृत्यु का अलग कार्यालय है.'

-धीरजकुमार गोहाड़,
मुख्याधिकारी, अचलपुर नगरपालिका

413 पुरुषों का मृत्यु

अचलपुर नगर परिषद में जनवरी माह में 54, फरवरी माह में 44, मार्च माह में 55, अप्रैल माह में 58, मई माह में 50, जून माह में 52, जुलाई व अगस्त माह में प्रत्येकी 67, अक्टूबर माह में 64, नवंबर माह में 43, जबकि दिसंबर माह में 64 नागरिकों की मृत्यु होने की नोंद है. इसमें 413 पुरुष और 272 महिलाओं की मृत्यु होने की नोंद पालिका कार्यालय में की गई है.